# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (07.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 07.06.2025, PAGE-08**

# बीआरएबीयू: सितंबर में जारी होगा पार्ट-थ्री का फाइनल रिजल्ट

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में सत्र 2022-25 के पार्ट-थ्री का रिजल्ट जारी होने में दो महीने का समय लगेगा। परीक्षा विभाग की तरफ से तैयार परीक्षा कैलेंडर में इसका उल्लेख किया गया है। हालांकि शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं का रिजल्ट एक महीने में ही जारी करने का निर्देश दिया है।

बीआरएबीयू में अभी पार्ट-थ्री की परीक्षा के लिए फार्म भरे जा रहे हैं। 13 जून तक परीक्षा फार्म भरा जायेगा। इसी महीने परीक्षा शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी से शेड्यूल नहीं जारी किया गया है, लेकिन उम्मीद है कि गर्मी की छुट्टी के बाद परीक्षा की तारीख जारी कर दी जायेगी। पार्ट-थ्री की परीक्षा में करीब 60 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा विभाग की तरफ से जारी कैलेंडर के अनुसार पार्ट-थ्री का रिजल्ट सितंबर में जारी होगा। जुलाई और अगस्त में कॉपियों का मूल्यांकन होगा। 60 हजार कापियों को जांचने में 60 दिन का समय लगेगा। सूत्रों ने बताया कि एक दिन में एक हजार कापियां जांची जायेंगी। परीक्षा विभाग ने पार्ट थ्री के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। गाइडलाइन के मुताबिक पार्ट-थ्री सत्र 2022-25 में सत्र 2020-23 और 2021-24 के परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। परीक्षा फार्म स्नातक सत्र 2020-23, 2021-24 और 2022-25 के वैसे छात्र जो अपने पहले पार्ट की परीक्षा पास कर गये हैं और अभी स्नातक पार्ट-टू की विशेष परीक्षा में प्रमोटेड छात्र के तौर पर शामिल हुए, वह एक शपथ पत्र देंगे।

### पीजी प्रथम सेमेस्टर के एडमिट कार्ड में हुआ सुधार

उधर, बीआरएबीयू ने पीजी प्रथम सेमेस्टर में जारी एडमिट कार्ड में सुधार कर दिया है। पीजी प्रथम सेमेस्टर के एडमिट कार्ड में सेंटर नहीं होने की बात सामने आ रही थी। इस पर विवि का कहना था कि कुछ छात्रों ने बिना एडमिट कार्ड रीलिज हुए ही उसे डाउनलोड कर लिया था। इसलिए उसमें सेंटर का उल्लेख नहीं था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 07.06.2025, PAGE-08


# विश्वविद्यालय के शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान दिया जायेगा। यूजीसी ने इसके लिए विश्वविद्यालयों से शिक्षकों के नाम मांगे हैं। यह सम्मान केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से दिया जायेगा। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान के लिए पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर विश्वविद्यालयों को शिक्षकों के नाम अपलोड करने हैं।

ये नाम नौ जुलाई तक अपलोड कर दिये जाने हैं। जिन शिक्षकों का चयन किया जायेगा, वह पांच सितंबर को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे। यूजीसी ने कहा है कि यह पुरस्कार शिक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कामों के लिए दिया जायेगा। नई शिक्षा नीति में शिक्षकों के सम्मान की बात भी कही गई है। सम्मान के लिए जिन शिक्षकों के नाम भेजे जायेंगे, उनमें देखा जायेगा कि उन्होंने कक्षा में शिक्षण कौशल को कितना अपनाया, उनके पढ़ाने से छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ा। सभी विषयों के शिक्षक इस सम्मान के लिए चुने जायेंगे।